# DIET MALAPPURAM & VIJAYABHERI MALAPPURAM
## SSLC PRE- MODEL EXAMINATION , MARCH 2022
## SET- 3

समय:90 मिनिट                                                                 कुल स्कोर: 40

## हिंदी

==================================================================

**सामान्य निर्देश :**
- सभी प्रश्नों का ध्यान से वाचन करें।
- सूचनाओं के अनुसार उत्तर लिखने की कोशिश करें।
- पहले पंद्रह मिनिट कूल ऑफ़ टाइम है।

==================================================================

## PART 1
### भाग -ए

**सूचना:'सबसे बड़ा शो मैन' पाठ का यह अंश पढ़ें और 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें।** 4*1= 4

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। मासूमियत में उसने थोडी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और फुसफुसाने की भी नकल उतार दी।

1."सबसे बड़ा शो मैन" पाठ कौन–सी प्रोक्ति है?

(कविता, जीवनी, कहानी, लेख)

2.किसने जनता में गुदगुदी फैला दी थी?

3.'नकल उतारना'–इससे क्या तात्पर्य है?

(प्रशंसा करना, उल्लसित करना, अनुकरण करना, घृणा करना)

4.'उसके'–इसमें निहित सर्वनाम कौन–सा है?

(यह, वह, वे, ये)

5.'थोडी देर'– इसमें विशेषण शब्द कौन सा है ?

6.चार्ली को क्यों स्टेज पर आना पड़ा?

### भाग-बी

**सूचना:"गुठली तो पराई है" कहानी का यह अंश पढें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।** 3*1= 3

"ऐसे पट–पट मत बोलो", "ऐसे धम–धम मत चलो..”। एक दिन गलती से उसने पूछ ही लिया, "क्यों? तो बस शुरू हो गई, "अरे छोरी लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे।कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं।ऐसे ही करेंगे क्या अपनी घर जाकर? ”

7. "ऐसे पट–पट मत बोलो", "ऐसे धम–धम मत चलो..”– यह किसका कथन है?

( माँ का, बुआ का , गुठली का, ताऊजी का)

8. सही प्रस्ताव कोन सा है?

क.) गुठली बुआ की नसीहतें पसंद नहीं करती।

ख.) गुठली बुआ की सूरत पसंद नहीं करती

ग.) गुठली बुआ का कर्म पसंद नहीं करती।

घ.) गुठली बुआ की हँसी पसंद नहीं करती।

9. यहाँ उल्लिखित सामाजिक समस्या कौन–सी है?

(बालश्रम, जातिप्रथा, गरीबी, लड़के–लड़कियों में भेद–भाव)

PART –2

**भाग–ए**

**10. वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें।** **1*2= 2**

(मासूमियत में, आवाज़ की)

चार्ली ने नकल उतार दी।

चार्ली ने अपनी माँ की नकल उतार दी।

________________________

____________________________

**भाग–बी**

**सूचना:'बसंत मेरे गाँव का'– यह अंश पढें 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें। 1*2= 2**

बर्फीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात है कि नकद–उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं होते। आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ यह लेन–देन चल रहा है।

11.यहाँ गांववालों की कौन–सी विशेषता प्रकट होती है?

12.गांववाले और पशुचारक के बीच किन–किन चीज़ों का लेन–देन होता है?

PART–3

**भाग–ए**

**सूचना:'आई एम कलाम' पाठ का यह अंश पढें और 13 से16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें। 3*3= 9**

रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता।मैं स्कूल की नीली खाकी यूनिफ़ॉम से हमेशा चिढ़ा करता और पहनना हमेशा टाला करता।

13."रविवार की छुट्टी का दिन मोरपाल के लिए हफ्ते का बुरा दिन हुआ करता।"ऐसा क्यों कहा गया है?

14.मोरपाल और मिहिर की मित्रता के बारे में दो तीन वाक्यों में लिखें।

15.सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| स्कूल की छुट्टी मिलने पर | यूनिफॉम पहनकर आता था। |
| शादी में मोरपाल | मोरपाल पसंद करता था। |
| रोज़ स्कूल आना | मिहिर घर में खुशी मनाता था। |

16.मोरपाल कैसे स्कूल आया करता था?

**भाग–बी**

**सूचना:"हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" कविता का यह अंश पढें और प्रश्न 17 का उत्तर लिखें।** 1*3= 3

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था

17.यहाँ कवि क्या कहना चाहते हैं?

PART–4

**भाग–ए**

**सूचना: प्रश्न संख्या 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** 2*4= 8

18.कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें।

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।

19."ठाकुर का कुआँ "कहानी के इस अंश के आधार पर गंगी की डायरी तैयार करें।

गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा–हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ?

20."ठाकुर का कुआँ "कहानी के आधार पर गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

**भाग–बी**

**सूचना:"बच्चे काम पर जा रहे हैं" नामक कविता का यह अंश पढें 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 1*4= 4

.

क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में
कितना भयानक होगा अगर ऐसा होता
भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल

21.**बालमज़दूरी कानूनी जुर्म है**।इस विषय पर एक लखु लेख तैयार करें।

22.आप के स्कूल में **"बालमज़दूरी कानूनी जुर्म है"**विषय पर एक संगोष्ठी होनेवाली है।उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

PART–5

**भाग–ए**

**सूचना:बीरबहूटी कहानी का यह अंश पढें ओर 23 से 24 तक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 1*5= 5

पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे।

23.इस घटना के अधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

24. उस दिन साहिल ने अपनी डायरी में क्या–क्या लिखे होंगे। साहिल की वह डायरी तैयार करें।

**********************